# मुख्यमंत्री श्री चौहान करेंगे आजादी का अमृत महोत्सव अभियान का शुभारंभ

## जिला मुख्यालय सहित आजादी के आंदोलन से जुड़े स्थलों पर भी होगा कार्यक्रम

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की आजादी के 75वें वर्ष को पूरे प्रदेश में समारोहपूर्वक मनाने के लिये "आजादी का अमृत महोत्सव अभियान चलेगा। अभियान की शुरूआत 12 मार्च से होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में जिला मुख्यालयों सहित उन स्थानों पर जहाँ स्वतंत्रता आंदोलन संघर्ष की अमर-गाथाएँ विद्यमान हैं, वहाँ पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

राजधानी मुख्यालय में मुख्यमंत्री श्री चौहान 12 मार्च को प्रातः 10 बजे शौर्य स्मारक भोपाल में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान शौर्य स्मारक में भारत माता प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर शौर्य स्तंभ पर शहीदों के सम्मान में पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। कार्यक्रम में पुलिस बैण्ड के साथ देशभक्ति गीत-भजनों की प्रस्तुति होगी। प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव प्रदेश के सभी 52 जिला मुख्यालयों सहित आजादी के संघर्ष से जुड़े जन-नायकों एवं आंदोलन से संबद्ध स्थलों पर भी आयोजित किया जायेगा। श्री शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में मुख्य रूप से चिन्हित स्थलों में भाभरा जिला अलीराजपुर (चंद्रशेखर आजाद), ओरछा जिला निवाड़ी (तात्या टोपे), तामिया जिला छिंदवाड़ा (खाजा नायक), बारा जिला जबलपुर (रानी दुर्गावती), देवरी जिला सागर (संग्राम शाह), मदनपुर जिला शिवपुरी (डिल्लन शाह), टुरिया जिला सिवनी (महिलाओं को फांसी दी गई), विजयराघोगढ़ जिला कटनी (राजा सरयू प्रताप), बालपुर जिला डिण्डोरी (रानी अवन्तीबाई), डगडौआ जिला उमरिया (बिरसा मुण्डा), मुंगावली जिला अशोकनगर (गणेश शंकर विद्यार्थी) और अमझेरा जिला धार (राणा बख्तावर सिंह) शामिल है। प्रदेश के ऐसे ऐतिहासिक स्थल जहाँ आजादी के आंदोलन की गाथाएँ जुड़ी है उनमें घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल, बाबई जिला होशंगाबाद, करेली जिला नरसिंहपुर, गढ़ाकोटा जिला सागर, सांवेर जिला इंदौर, महिदपुर जिला उज्जैन, देपालपुर जिला इंदौर, उदयपुरा जिला रायसेन, नैनपुर जिला मण्डला, नागौद जिला सतना और अम्बाह जिला मुरैना में भी समारोहपूर्वक आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जायेगा। इन्दौर-12

# अनुगूंज 2021 का आयोजन 12 और 13 मार्च को, मुख्यमंत्री श्री चौहान करेंगे शुभारंभ

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित नृत्य, संगीत एवं नाट्य समारोह अनुगूंज 2021 का शुभारंभ करेंगे। शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में "कला से समृद्ध शिक्षा" "अनुगूंज 2021 समारोह 12 फरवरी को सायं 6.30 बजे होगा। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार समारोह की अध्यक्षता करेंगे। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की अवधारणा पर अनुगूंज 2021 का आयोजन 12 एवं 13 मार्च को किया जा रहा है। उप सचिव श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि अनुगूंज समारोह स्कूल शिक्षा विभाग का एक रचनात्मक प्रयास है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ उनके रचनात्मक और सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। कार्यक्रम के दौरान कोरोना गाइडलाइन और आवश्यक सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

इन्दौर-12

# राजस्व कॉलोनी के साथ भेदभाव करने का आरोप

रतलाम। शहर के मध्य बीचो-बीच स्थित राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण समिति कॉलोनी में निगम प्रशासन भेदभाव कर रहा है पूरे शहर में ड्रेनेज अंडरग्राउंड व्यवस्था का कार्य पूर्णता की ओर है लेकिन कतिपय तत्वों के दबाव में कॉलोनी वासियों को इस सुविधा से वंचित किया जा रहा है वहीं शासन की अन्य सुविधाएं स्मार्ट मीटर तथा काटजू नगर से जल प्रदाय को जोड़ने वाली योजना का भी कॉलोनी वासियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है जो विचारणीय है कि निगम प्रशासन ऐसा क्यों कर रहा है जब पूरे शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तब कॉलोनी में क्यों नहीं लगा रहे हैं थोड़े दिन लगाए भी थे लेकिन फिर काम रोक दिया गया इससे कॉलोनी वासियों में तीव्र आक्रोश है। समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित नरेंद्र सिंह राठौड़, प्रहलाद सिंह राठौड़, आदि ने कहां की निगम प्रशासन उक्त सुविधा मुहैया करवाएं अन्यथा तीव्र आंदोलन किया जावेगा।

# निगम की दमकल का हो रहा निजी उपयोग



रतलाम. नगर निगम की दमकल का उपयोग आग पर काबू पाने के साथ साथ कर्मचारी अपने निजी काम के लिए भी कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह कर्मचारी इस वाहन को लेकर रेलवे स्टेशन पर चाय नाश्ता करने आए। मामले में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का कहना है कि लॉग बुक में दमकल को कहा भेजा गया यह देखा जाएगा। दुरुपयोग पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

पत्रिका 13-3-21

# राजस्व कॉलोनी के साथ भेदभाव करने का आरोप

रतलाम । शहर के मध्य बीचो-बीच स्थित राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण समिति कॉलोनी में निगम प्रशासन भेदभाव कर रहा है पूरे शहर में ड्रेनेज अंडरग्राउंड व्यवस्था का कार्य पूर्णता की ओर है लेकिन कतिपय तत्वों के दबाव में कॉलोनी वासियों को इस सुविधा से वंचित किया जा रहा है वहीं शासन की अन्य सुविधाएं स्मार्ट मीटर तथा काटजू नगर से जल प्रदाय को जोड़ने वाली योजना का भी कॉलोनी वासियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है जो विचारणीय है कि निगम प्रशासन ऐसा क्यों कर रहा है जब पूरे शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है तब कॉलोनी में क्यों नहीं लगा रहे हैं थोड़े दिन लगाए भी थे लेकिन फिर काम रोक दिया गया।

इससे कॉलोनी वासियों में तीव्र आक्रोश है। समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, नरेंद्र सिंह राठौड़, प्रहलाद सिंह राठौड़ राम कुमार राठौड़, बीएस परिहार, आरसी गहलोत, सूबेदार सिंह, राजेंद्र शर्मा, अशोक पंड्या, केशव पारीख, सुनील जैन, अंशुमन जोशी, मनोहर लाल परमार, हितेन्द्र परमार, ओम प्रकाश माहेश्वरी, नरेंद्र माहेश्वरी, गगन पाठक, सरोज सोनी, मंजू सोनी, शांतिलाल जैन, शांतिलाल शर्मा, विनोद दुबे, नीता भोजवानी, मनीष जैन आदि ने कहां की निगम प्रशासन उक्त सुविधा मुहैया करवाएं अन्यथा तीव्र आंदोलन किया जावेगा।

# राजस्व कॉलोनी के साथ भेदभाव करने का आरोप

रतलाम । शहर के मध्य बीचो-बीच स्थित राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण समिति कॉलोनी में निगम प्रशासन भेदभाव कर रहा है पूरे शहर में ड्रेनेज अंडरग्राउंड व्यवस्था का कार्य पूर्णता की ओर है लेकिन कतिपय तत्वों के दबाव में कॉलोनी वासियों को इस सुविधा से वंचित किया जा रहा है वहीं शासन की अन्य सुविधाएं स्मार्ट मीटर तथा काटजू नगर से जल प्रदाय को जोड़ने वाली योजना का भी कॉलोनी वासियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है जो विचारणीय है कि निगम प्रशासन ऐसा क्यों कर रहा है जब पूरे शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तब कॉलोनी में क्यों नहीं लगा रहे हैं थोड़े दिन लगाए भी थे लेकिन फिर काम रोक दिया गया इससे कॉलोनी वासियों में तीव्र आक्रोश है। समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित श्री नरेंद्र सिंह राठौड़, श्री प्रहलाद सिंह राठौड़, राम कुमार राठौड़, श्री बीएस परिहार, आरसी गहलोत, सूबेदार सिंह, राजेंद्र शर्मा, अशोक पंड्या, केशव पारीख, सुनील जैन, अंशुमन जोशी, मनोहर लाल परमार, हितेन्द्र परमार, ओम प्रकाश माहेश्वरी, नरेंद्र माहेश्वरी, गगन पाठक, सरोज सोनी, मंजू सोनी, शांतिलाल जैन, शांतिलाल शर्मा, विनोद दुबे, नीता भोजवानी, मनीष जैन आदि ने कहां की निगम प्रशासन उक्त सुविधा मुहैया करवाएं अन्यथा तीव्र आंदोलन किया जावेगा।

# राजस्व कॉलोनी के साथ भेदभाव करने का आरोप

रतलाम । शहर के मध्य बीचो-बीच स्थित राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण समिति कॉलोनी में निगम प्रशासन भेदभाव कर रहा है पूरे शहर में ड्रेनेज अंडरग्राउंड व्यवस्था का कार्य पूर्णता की ओर है लेकिन कतिपय तत्वों के दबाव में कॉलोनी वासियों को इस सुविधा से वंचित किया जा रहा है वहीं शासन की अन्य सुविधाएं स्मार्ट मीटर तथा काटजू नगर से जल प्रदाय को जोड़ने वाली योजना का भी कॉलोनी वासियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है जो विचारणीय है कि निगम प्रशासन ऐसा क्यों कर रहा है जब पूरे शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तब कॉलोनी में क्यों नहीं लगा रहे है थोड़े दिन लगाए भी थे लेकिन फिर काम रोक दिया गया। इससे कॉलोनी वासियों में तीव्र आक्रोश है। समिति अध्यक्ष दिनेश शर्मा, नरेंद्र सिंह राठौड़, प्रहलाद सिंह राठौड़, राम कुमार राठौड़, बीएस परिहार, आरसी गहलोत, सूबेदार सिंह, राजेंद्र शर्मा, अशोक पंड्या, केशव पारीख, सुनील जैन, अंशुमन जोशी, मनोहर लाल परमार, हितेन्द्र परमार, ओम प्रकाश माहेश्वरी, नरेंद्र माहेश्वरी, गगन पाठक, सरोज सोनी, मंजू सोनी, शांतिलाल जैन, शांतिलाल शर्मा, विनोद दुबे, नीता भोजवानी, मनीष जैन आदि ने कहां की निगम प्रशासन उक्त सुविधा मुहैया करवाएं अन्यथा तीव्र आंदोलन किया जावेगा।

# हर गरीब को 2023 तक पक्का मकान

## सरकार इसके लिए संकल्पित: सीएम

**भोपाल ■ एजेंसी**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश के हर गरीब का वर्ष 2023 तक अपना पक्का मकान हो, इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वे और उनकी सरकार संकल्पित है।

श्री चौहान ने यहां मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'मिशन नगरोदय' का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि ऐसी ग्राम पंचायतें जहाँ जन्म लेने वाले बेटे-बेटी का अनुपात बराबर होगा और जहाँ सालभर कोई विवाद नहीं होगा तथा एफआईआर दर्ज नहीं होगी, उन सभी ग्राम पंचायतों के विकास के लिए 2 लाख रुपए अलग से दिए जाएंगे।



सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को मिशन नगरोदय के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कई योजनाओं के हितग्राहियों को हित-लाभ वितरित किये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में माफियाओं के खिलाफ हम अभियान चला रहे हैं। अब तक भू-माफियाओं के कब्जे से 10 हजार करोड़ रुपये की जमीन वापस छीनकर पात्रों को वापस की जा रही है। इस धरती पर माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि जितनी अवैध कॉलोनियां बन चुकी है, उन्हें वैध किया जायेगा। नई अवैध कॉलोनी न बने, सरकार यह सुनिश्चित करेगी।

श्री चौहान ने प्रदेश के 407 निकायों में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेस-3 योजना के अंतर्गत 500 करोड़ रुपए के अधोसंरचना विकासकार्यों का शिलान्यास किया और 5 छावनी परिषद के एक लाख हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की कार्यशील पूंजी की 100 करोड़ की राशि का वितरण किया। 215 13

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 08 दिनांक 12/03/2021

# वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 में जीरो वेस्ट का कार्य निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर को जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड क्रमांक 3, 7, 8, 17, 18 व 19 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है वहीं स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी हुआ।

जीरो वेस्ट वार्ड 3, 7, 8, 17, 18 व 19 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हैल्पर के पहुंचे वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किये गये सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटाई कर एकत्रित किया गया।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाएं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डो में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लब्स, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इन्दौर-12

# जलप्रदाय, सीवरेज से लेकर अन्य मुद्दों के साथ प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

## पहले ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन होंगे, फिर पूरे शहर में जंगी प्रदर्शन कर निगम को घेरा जाएगा



रतलाम। जिला शहर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक गांधी उद्यान में संपन्न हुई इस बैठक में नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर, सीवरेज लाइन से हो रही परेशानी, जल प्रदाय वितरण में अव्यवस्था, लचर सफाई व्यवस्था, राशन कार्ड, लीज वृद्धि संबंधि कई मुद्दों को लेकर नगर निगम प्रशासन के विरुद्ध एक आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रथम ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन, फिर पूरे शहर में एक जंगी प्रदर्शन कर नगर निगम का घेराव करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष यासमीन शैरानी, प्रदेश महासचिव प्रभु राठौड़, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या विजय सिंह चौहान, कमरुद्दीन कछवाहा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, शांतिलाल वर्मा, नासिर कुरैशी, राजीव रावत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद बुशरा एनएसयूआई अध्यक्ष नीलेश शर्मा प्रदेश महिला महामंत्री अदिति दवे सर, राकेश झालानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा महिला सेवा दल अध्यक्ष संगीता काकरिया प्रवक्ता जोएब आरिफ, शैलेंद्र सिंह अठाना, आईटी सेल के हिम्मत जैतवार, हितेश पैमाल, बबीता नगर, साबिर हुसैन, पुष्पा यादव दीप्ति दिक्षित कैलाश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी पूर्व पार्षद वार्ड अध्यक्ष एवं संभावित कांग्रेस प्रत्याशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवादल प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास ने किया। आभार प्रदर्शन विनोद मिश्रा मामा ने किया।

अग्निबाण-12

# शहर की समस्याओं को लेकर जिला शहर कांग्रेस की बैठक संपन्न

रतलाम। जिला शहर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक गांधी उद्यान में संपन्न हुई। इस बैठक में नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर, सीवरेज लाइन से हो रही परेशानी, जल प्रदाय वितरण में अव्यवस्था, लचर सफाई व्यवस्था, राशन कार्ड, लीज वृद्धि संबंधी कई मुद्दों को लेकर नगर निगम प्रशासन के विरुद्ध एक आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में प्रथम ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन, फिर पूरे शहर में एक जंगी प्रदर्शन कर नगर निगम का घेराव करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष यासमीन शेरानी, प्रदेश महासचिव प्रभु राठौड़, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजय सिंह चौहान, कमरुद्दीन कछवाहा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, शांतिलाल वर्मा, नासिर कुरैशी, राजीव रावत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद बुशरा, एनएसयूआई अध्यक्ष नीलेश शर्मा, प्रदेश महिला महामंत्री अदिति दवेसर राकेश झालानी, मीना बग्गा, संगीता काकरिया, प्रवक्ता जोएब आरिफ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर जिला शहर कांग्रेस की बैठक संपन्न



रतलाम। जिला शहर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक गांधी उद्यान में संपन्न हुई। इस बैठक में नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर, सीवरेज लाइन से हो रही परेशानी, जल प्रदाय वितरण में अव्यवस्था, लचर सफाई व्यवस्था, राशन कार्ड, लीज वृद्धि संबंधी कई मुद्दों को लेकर नगर निगम प्रशासन के विरुद्ध एक आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रथम ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन, फिर पूरे शहर में एक जंगी प्रदर्शन कर नगर निगम का घेराव करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष यासमीन शेरानी, प्रदेश महासचिव प्रभु राठौड़, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, विजय सिंह चौहान, कमरुद्दीन कछवाहा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुबारिक खान, शांतिलाल वर्मा, नासिर कुरैशी, राजीव रावत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद बुशरा, एनएसयूआई अध्यक्ष नीलेश शर्मा, प्रदेश महिला महामंत्री अदिति दवेसर, राकेश झालानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा, महिला सेवा दल अध्यक्ष संगीता काकरिया, प्रवक्ता जोएब आरिफ, शैलेंद्र सिंह अठाना, आईटी सेल के हिम्मत जैतवार, हितेश पैमाल, बबीता नगर, साबिर हुसैन, पुष्पा यादव दीप्ति दिक्षित कैलाश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी पूर्व पार्षद वार्ड अध्यक्ष एवं संभावित कांग्रेस प्रत्याशी उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– इन्दौर समाचार पृष्ठ 06 दिनांक 13/03/2021

# मुख्यमंत्री द्वारा रतलाम जिले के 843 लाख से ज्यादा के निर्माण कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास, 221 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया

## आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत के तहत मिशन नगरोदय द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात मिली

रतलाम। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत पर मिशन नगरोदय के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्चुअल रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की देशव्यापी शुरुआत 75 सप्ताह पूर्व 12 मार्च 2021 से की गई। इस परिप्रेक्ष्य में रतलाम जिले में भी नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित हुए। रतलाम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, श्रीमती अनीता कटारिया, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी हितग्राही उपस्थित थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित उद्बोधन का सीधा प्रसारण जिले में देखा व सुना गया। इसके अलावा मिशन नगरोदय के तहत जिले में 294 लाख रूपए के लाभ 316 हितग्राहियों को प्रदान किए गए। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में कन्या पूजन किया गया। महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्रों पर माल्यार्पण किया गया। जिले के सभी नगरीय निकायों में डेढ़ सौ करोड़ रुपए के प्रस्तावित विकास कार्यों के 5 वर्षीय रोडमैप का विमोचन भी किया गया।

मुख्यमंत्री द्वारा रतलाम जिले की सैलाना नगर परिषद में 221 लाख 7 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इसके साथ वर्चुअल शिलान्यास के तहत जावरा नगर पालिका में 151 लाख 77 हजार रुपए, पिपलोदा नगर परिषद, आलोट नगर परिषद, ताल नगर परिषद, बड़ावदा नगर परिषद, नामली नगर परिषद में 75-75 लाख रुपए, नगर परिषद धामनोद में 75 लाख 95 हजार तथा सैलाना नगर परिषद 240 लाख 86 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। नगर निगम रतलाम द्वारा 7 हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपए के बगैर ब्याज के ऋण वितरण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 स्वयं सहायता समूह को ऋण लाभ प्रदान किया गया। इसके अलावा जावरा में 166, पिपलोदा में 103, आलोट में 22, धामनोद में 19, सैलाना में 6 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

देश की आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत के अवसर पर रतलाम में नगर निगम के सामने उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, श्रीमती अनीता कटारिया, अशोक पोरवाल, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण किया गया।

इन्दौर समाचार 13-3-21



# आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत के तहत मिशन नगरोदय द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात मिली

## 221 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 13-3-21

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत पर मिशन नगरोदय के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्चुअल रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की देशव्यापी शुरुआत 75 सप्ताह पूर्व 12 मार्च 2021 से की गई। इस परिप्रेक्ष्य में रतलाम जिले में भी नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित हुए। रतलाम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचंद डाड, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, श्रीमती अनीता कटारिया, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी हितग्राही उपस्थित थे। मुख्यमंत्री द्वारा रतलाम जिले की सैलाना नगर परिषद में 221 लाख 7 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इसके साथ वर्चुअल शिलान्यास के तहत जावरा नगर पालिका में 151 लाख [illegible] हजार रुपए, पिपलोदा नगर परिषद, आलोट नगर परिषद, ताल



नगर परिषद, बड़ावदा नगर परिषद, नामली नगर परिषद में 75-75 लाख रुपए, नगर परिषद धामनोद में 75 लाख 95 हजार तथा सैलाना नगर परिषद 240 लाख 86 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया।

### ऋण वितरण किए गए...

नगर निगम रतलाम द्वारा 7 हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपए के बगैर ब्याज के ऋण वितरण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 स्वयं सहायता समूह को ऋण लाभ प्रदान किया गया। इसके अलावा जावरा में 166, पिपलोदा में 103, आलोट में 22, धामनोद में 19, सैलाना में 8 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया।

# महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

## आकर्षक रांगोली के माध्यम से बताए गए कचरा निपटान के तरीके

राज एक्सप्रेस 13-3-21

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के हजारों नागरिकों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने के लिए नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का वादा किया है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में आज शहर के अनेक शिवमंदिरों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं अलग-अलग स्थानों पर आकर्षक रांगोली बना कर कचरा निपटान के तरीके लोगों को समझाए गए।

गुरुवार को अलसुबह से ही शिव मंदिरों पर नगर निगम के स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम शुरु हो चुके थे। गढ़कैलाश, काशी विश्वनाथ, मनकामनेश्वर, अमरेश्वर महादेव सहित सभी मंदिरों के आसपास सफाई की विशेष व्यवस्था के साथ ही मंदिर में आए शिवभक्तों को सफाई मित्र समूह के सदस्य फीडबैक पेम्पलेट का वितरण कर उनसे मौके पर ही 1969 पर कॉल करने का अनुरोध करते रहे। अनेक भक्तों ने स्वच्छता से जुड़ी इस पहल की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का संकल्प दोहराया है।

इस मौके पर निगम आयुक्त ने बताया कि स्वच्छता भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है। हमारी भारतीय संस्कृति, के किसी भी समाज में स्वच्छता की पूरी व्यवस्था होती है. कई त्योहार आदि भी स्वच्छता को ध्यान में रख कर ही मनाये जाते हैं. हमारे आदिवासी समाज साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते है. उनके घरों की बसावट और चित्रकला से भी स्वच्छता का महत्व उजागर होता है. आधुनिक समय में स्वच्छता को नया आयाम देने में महात्मा गांधी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है. उनका स्वच्छता के प्रति लगाव इस कथन से परिलक्षित होता है कि अगर स्वतंत्रता और स्वच्छता में चयन करना पड़े, तो मैं स्वच्छता को चुनूंगा. स्वतंत्रता को टाला जा सकता है, पर स्वच्छता को नहीं टाला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि अस्वच्छता बीमारियों को जन्म देती है ऐसे में जरुरी है कि हर कोई स्वच्छता को अपना कर अपना जीवन स्वस्थ और शहर को सुंदर बनाने का प्रयास करे। हमारा प्रयास है कि शहर के सभी वार्ड जीरो वेस्ट हो, इसके लिए प्रयास शुरु किए गए और कुछ वार्डो में जीरो वेस्ट की कार्रवाई प्रगति पर है।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नगरवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाए देते हुए कहा कि इस पावन पर्व पर नगर के सभी तीन लाख स्वच्छता सुपर स्टार संकल्प ले कि वे स्वच्छता के मामले में रतलाम को देश में नम्बर-1 बनाएगे और सेव, साड़ी और सोने के बाद सफाई में ही रतलाम का नाम विश्वभर में चर्चित होगा। नागरिक गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रख कर इसे कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले। अमानक प्लास्टिक का बहिष्कार करे, डिस्पोजल कप और गिलाश से नाता तोड़े और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत जगह-जगह दिया गया स्वच्छता का संदेश

13-3-21

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के हजारों नागरिकों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने के लिए नगर निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का वादा किया है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश और मार्गदर्शन में शहर के अनेक शिवमंदिरों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं अलग-अलग स्थानों पर आकर्षक रांगोली बना कर कचरा निपटान के तरीके लोगों को समझाए गए।

शिव मंदिरों पर नगर निगम के स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम शुरु हो चुके थे। गढ़कैलाश, काशी विश्वनाथ, मनकामनेश्वर, अमरेश्वर महादेव सहित सभी मंदिरों के आसपास सफाई की विशेष व्यवस्था के साथ ही मंदिर में आए शिवभक्तों को सफाई मित्र समूह के सदस्य फीडबैक पेम्पलेट का वितरण कर उनसे मौके पर ही 1969 पर कॉल करने का अनुरोध करते रहे। अनेक भक्तों ने स्वच्छता से जुड़ी इस पहल की सराहना करते हुए फीडबैक में सकारात्मक जवाब देने का संकल्प दोहराया है।

इस मौके पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छता भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है। हमारी भारतीय संस्कृति के किसी भी समाज में स्वच्छता की पूरी व्यवस्था होती है. कई त्योहार आदि भी स्वच्छता को ध्यान में रख कर ही मनाये जाते हैं. हमारे आदिवासी समाज साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते है. उनके घरों की बसावट और चित्रकला से भी स्वच्छता का महत्व उजागर होता है। आधुनिक समय में स्वच्छता को नया आयाम देने में महात्मा गांधी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। उनका स्वच्छता के प्रति लगाव इस कथन से परिलक्षित होता है कि अगर स्वतंत्रता और स्वच्छता में चयन करना पड़े, तो मैं स्वच्छता को चुनूंगा. स्वतंत्रता को टाला जा सकता है, पर स्वच्छता को नहीं टाला जा सकता है।

# ज़िलो में भी प्रारंभ होगा आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम

रतलाम। आज़ादी के 75 साल के महोत्सव (आज़ादी का अमृत महोत्सव) की शुरुआत करने के कार्यक्रम की देश व्यापी शुरुआत 12 मार्च से हो रही है। राज्य शासन ने इस कार्यक्रम को मिशन नगरोदय से जोड़ने का निर्णय लिया है। इस हेतु 12 मार्च को जिलो में भी उक्त कार्यक्रम में निम्न व्यवस्था सुनिश्चित की जाएंगी। प्रत्येक निकाय के कार्यक्रम में गाँधीजी, सरदार पटेलजी और नेताजी सुभाषचंद्रजी के फ़ोटो रखे जाए। कन्यापूजन के बाद इन तस्वीरों पर सम्मान अर्पण किया जाए। अगर कोई स्थानीय स्तर पर आज़ादी की लड़ाई के बड़े नायक है, जैसे चंद्रशेखर आज़ाद, तात्या टोपे, संग्राम शाह इत्यादि, तो उनको भी सम्मान दिया जाये। कार्यक्रम की शुरुआत में आज़ादी के अमृत महोत्सव का महत्व बताया जाए। अगर आज़ादी की लड़ाई में स्थानीय जिला/शहर में कोई महत्वपूर्ण घटना हुई है तो उसका स्मरण किया जाए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आमजनों, युवाओं को भी अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जिले के समस्त एसडीएम एवं नगर निकाय के पदाधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम अपने यहां पर अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए हैं।

## मतदाता जागरूकता के संबंध में बैठक 15 मार्च को

रतलाम। स्थानीय निकाय निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने संबंधी एक बैठक आगामी 15 मार्च को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई जिसमें निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार सैंस प्लान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की गतिविधियों के सुचारू संचालन पर चर्चा की जाएगी। इन्दौर-12

# नगरीय क्षेत्रों में विकास की बहार लाएगा मिशन नगरोदय: शर्मा

भोपाल, (रास)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि मिशन नगरोदय प्रदेश के विकास के प्रति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार की ललक को दिखाता है। श्री शर्मा ने यह बात मुख्यमंत्री द्वारा मिशन नगरोदय के अंतर्गत किए गए 3300 करोड़ के विकास कार्यों के भूमिपूजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के लिए एक साथ किया गया हजारों करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में विकास की नई बहार लाएगा साथ ही हितग्राहियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में भी मील का पत्थर साबित होगा। राज-13

## निगम द्वारा पॉलीथिन पर कार्रवाई

पत्रिका 13-3-21

# पौने चार क्विंटल पॉलीथिन जप्त



रतलाम. नगर निगम द्वारा सिंगल यूज पॉलीथिन पर कार्रवाई का दौर जारी है। शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब पौने चार क्विंटल माइक्रोन से कम की प्लास्टिक पॉलीथिन जप्त की है।

नगर निगम का दल धानमंडी क्षेत्र में श्रीजी डिस्पोजल व बालाजी डिस्पोटल नाम की दुकान पर गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सूचना मिली थी कि इन दो दुकान पर नियम के खिलाफ माइक्रोन वाली प्लास्टिक की बिक्री हो रही है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी एपीसिंह को आए हुए फोन के आधार पर सूचना को साझा किया व स्पॉट दल के सदस्यों की टीम के साथ सूचना के आधार वाली दुकान पर जाने को कहा।

इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने दोनों दुकान पर एक एक कर्मचारी को 50 माइक्रोन से कम की मानक वाली प्लास्टिक खरीदने को भेजा। दल ने दबिश देकर 3 क्विंटल 72 किलो 60 ग्राम की 50 माइक्रोन से कम सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन जप्त की। इसके बाद टीम के अधिकारी सिंह के साथ दल में शामिल प्रभारी विराट मेहरा, पवन झाझोट, आकाश शिंदे, मनोज झाझोट, राकेश लालावत, मनोज टांक ने स्पॉट फाइन भी किया।

## गंदगी करने व पॉलीथीन का उपयोग करने पर 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा गंदगी करने व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग करने पर 10 मार्च को नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा खण्डेलवाल नमकीन स्टेशन रोड पर 1500, रामचन्द्र व एक अन्य चांदनी चौक पर 500-500, अन्नपूर्णा चाय गौशाला रोड, संजय फ्रीगंज, छप्पन भोग कालिका माता पर 250-250, रामजी बाजना बस स्टैण्ड पर 100, राधा, इमरान दो बत्ती व एक अन्य गौशाला रोड पर 50-50 रुपये का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी न करने व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र रतलाम में सब्जी, फल-फ्रुट व अन्य सामग्री के फुटकर व्यवसायी अगर 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग करते हैं तो उन पर 50 रुपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह दुकानदारो द्वारा 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का उपयोग व भण्डारण करता है तो उस पर 5000/- रुपये का अर्थदण्ड किया जाकर पॉलीथीन जब्ती की कार्यवाही की जायेगी। नगर के नागरिक, दुकानदार व फुटकर व्यापारियों से अपील की जाती है कि वे 50 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व प्लास्टिक का उपयोग व भण्डारण ना करें।

इन्दौर-12

## पॉलीथीन का उपयोग करने पर 10 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा गंदगी करने व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग करने पर 10 मार्च को नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा खण्डेलवाल नमकीन स्टेशन रोड पर 1500, रामचन्द्र व एक अन्य चांदनी चौक पर 500-500, अन्नपूर्णा चाय गौशाला रोड, संजय फ्रीगंज, छप्पन भोग कालिका माता पर 250-250, रामजी बाजना बस स्टैण्ड पर 100, राधा, इमरान दो बत्ती व एक अन्य गौशाला रोड पर 50-50 रुपए का जुर्माना कर भविष्य में गंदगी न करने व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग ना करने की समझाईश दी गई।

## अनुपस्थित 31 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम । निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 10 मार्च बुधवार को बिना सूचना के 31 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# …न की शुरुआत के तहत मिशन …ण कार्यों की सौगात मिली

## ऋण राशि का लाभ मिला, अब श्री साईं समूह की महिलाएं स्वरोजगार कार्य आरंभ कर सकेंगी



…र्यों का …ा गया

…सैलाना नगर परिषद …ए लागत के निर्माण …गया।

…ारा 7 हितग्राहियों को …बगैर ब्याज के ऋण …धि योजना के तहत …आजीविका मिशन के …मूह को ऋण लाभ … अलावा जावरा में …, आलोट में 22, … में 6 हितग्राहियों को …न्वित किया गया।

**…की प्रतिमा पर** …की आजादी के अमृत …रुआत के अवसर पर …के सामने उद्यान में …पर माल्यार्पण किया …कलेक्टर गोपालचंद …ीप उपाध्याय, श्रीमती …अशोक पोरवाल, …ारिया तथा अन्य …ुया गया।

कोई भी स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रारंभ में पूंजी की आवश्यकता होती है। गरीब कमजोर वर्ग के व्यक्ति के लिए पूंजी जुटाना सबसे मुश्किल काम होता है। इस बात को समझते हुए शासन द्वारा निर्धन वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न योजनाओं में ऋण सहायता तथा अन्य राशि उपलब्ध कराई जा रही है। मिशन नगर उदय के तहत 12 मार्च को रतलाम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत ऋण राशि उपलब्ध कराई गई है। रतलाम शहर के डोंगरे नगर की रहवासी महिलाओं द्वारा गठित श्री साईं स्वयं सहायता समूहों को भी 4 लाख 8 हजार रुपए ऋण राशि का चेक प्रदान किया गया। अतिथियों के हाथों चेक लेते हुए समूह की महिलाएं अत्यंत प्रसन्न थीं। समूह के अध्यक्ष सुनीता ने बताया कि अब उनके समूह की महिलाएं अपने आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने और अपने जीवन में बदलाव लाने के लिए स्वरोजगार कार्य कर सकेंगी। हम लोगों के पास स्वरोजगार के लिए पूंजी नहीं थी लेकिन अब शासन ने हमें ऋण सहायता उपलब्ध करा दी है, हम शासन के आभारी हैं। सुनीता के साथ ही समूह की अन्य सदस्यों पुष्पा राव, निर्मला राव, मंजू, शारदा, पुष्पा खानवार का कहना था कि अब हम सिलाई कार्य कर सकेंगे, सूरत से साड़ी लाकर रतलाम में विक्रय कर सकेंगे तथा अन्य रोजगारमूलक कार्य कर सकेंगे।

रतलाम में आयोजित कार्यक्रम में रतलाम शहर के हंसा स्वयं सहायता समूह को 2 लाख 35 हजार रुपए, योजना स्वयं सहायता समूह को 1 लाख 10 हजार रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। श्री साईं स्वयं सहायता समूह को 4 लाख 8 हजार तथा नाकोड़ा बचत साख समिति को 2 लाख 50 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए।

-21

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नई दुनिया–पृष्ठ ..17.. दिनांक 13/03/...2021

आरोग्यम हास्पिटल और गीता देवी

# शहर की 50 अवैध कालोनियों के रहवासियों को सुविधाओं का इंतजार

**समस्या** 13-3-21

- नगरोदय कार्यक्रम में सीएम की घोषणा के बाद फिर जगी आस
- लोग परेशान, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर की 50 अवैध कालोनियों को वैध किए जाने की प्रक्रिया अब फिर से शुरू होगी। वर्ष 2018 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने पहले चरण में शहर की 33 कालोनियों में से 17 को वैध घोषित किया था, लेकिन 2019 में हाइकोर्ट के आदेश के बाद पूरी प्रक्रिया निरस्त कर दी गई थी। शुक्रवार को नगरोदय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने अवैध कालोनियों को वैध किए जाने की घोषणा की। इससे शहर के करीब 65 हजार रहवासियों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकेंगी।

मालूम हो कि प्रदेश में सबसे पहले रतलाम से ही अवैध कालोनियों को वैध किए जाने की शुरुआत की गई थी। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने 17 कालोनियों में विकास कार्य के लिए सात करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कराई थी। इसके बाद इन कालोनियों में सड़क, पानी आदि सुविधाओं के लिए काम शुरू भी हो गया था।

अवैध कालोनियों में प्लाट-मकान लेने वाले लोग परेशान हैं। तीन से चालीस साल पहले काटी गई इन कालोनियों में अवैध बसाहट रोकने के लिए निगम व प्रशासन के तत्कालीन अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। लोगों ने जमापूंजी देकर प्लाट खरीदे, लेकिन आज भी वैध का दर्जा नहीं मिलने से बैंक ऋण, पक्की सड़क, पाइपलाइन से पानी, स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं।

> अवैध कालोनियों को वैध कराने की प्रक्रिया शासन स्तर पर जल्द पूरी की जाएगी। रहवासियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।
>
> –चैतन्य काश्यप, विधायक रतलाम शहर

नई दुनिया

# आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की नगरोदय द्वारा विकास एवं निर्माण क

## मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा रतलाम जिले के 843 लाख से ज्यादा के निर्माण कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास, 221 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत पर मिशन नगरोदय के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्चुअल रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की देशव्यापी शुरुआत 75 सप्ताह पूर्व 12 मार्च 2021 से की गई। इस परिप्रेक्ष्य में रतलाम जिले में भी नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित हुए। रतलाम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, श्रीमती अनीता कटारिया, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी हितग्राही उपस्थित थे।



इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित उदबोधन का सीधा प्रसारण जिले में देखा व सुना गया। इसके अलावा मिशन नगरोदय के तहत जिले में 294 लाख रूपए के लाभ 316 हितग्राहियों को प्रदान किए गए। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में कन्या पूजन किया गया। महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्रों पर माल्यार्पण किया गया। जिले के सभी नगरीय निकायों में डेढ़ सौ करोड़ रुपए के प्रस्तावित विकास कार्यों के 5 वर्षीय रोडमैप का विमोचन भी किया गया।

मुख्यमंत्री द्वारा रतलाम जिले की सैलाना नगर परिषद में 221 लाख 7 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इसके साथ वर्चुअल शिलान्यास के तहत जावरा नगर पालिका में 151 लाख 77 हजार रुपए, पिपलोदा नगर परिषद, आलोट नगर परिषद, ताल नगर परिषद, बड़ावदा नगर परिषद, नामली नगर परिषद में 75-75 लाख रुपए, नगर परिषद धामनोद में 75 लाख 95 हजार तथा सैलाना नगर परिषद 240 लाख 86 हजार रूपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया।

नगर निगम रतलाम द्वारा 7 हितग्राहियों को 10-10 हजार रूपए के बगैर ब्याज के ऋण वितरण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 स्वयं सहायता समूह को ऋण लाभ प्रदान किया गया। इसके अलावा जावरा में 166, पिपलोदा में 103, आलोट में 22, धामनोद में 19, सैलाना में 6 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया।

**महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया :** देश की आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत के अवसर पर रतलाम में नगर निगम के सामने उद्यान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, श्रीमती अनीता कटारिया, अशोक पोरवाल, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण किया गया।

प्रसारण 13-3-21

# शहर की समस्याओं के खिलाफ कांग्रेस करेगी निगम पर प्रदर्शन



दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

जिला शहर कांग्रेस की बैठक गांधी उद्यान में हुई। सीवरेज लाइन से हो रही परेशानी, जल प्रदाय वितरण में अव्यवस्था, लचर सफाई व्यवस्था, राशन कार्ड, लीज वृद्धि संबंधी मुद्दों को लेकर नगर निगम प्रशासन के विरुद्ध एक आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में प्रथम ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन, फिर शहर में प्रदर्शन कर निगम का घेराव करने का निर्णय लिया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष यासमीन शेरानी, प्रदेश महासचिव प्रभु राठौड़, विजय सिंह चौहान, शांतिलाल वर्मा, नासिर कुरेशी, राजीव रावत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वुसत एनएसयूआई अध्यक्ष नीलेश शर्मा, प्रदेश महिला महामंत्री अदिति दवेसर, राकेश झालानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीना बग्गा आदि उपस्थित थे। संचालन सेवादल प्रदेश सचिव रजनीकांत व्यास ने किया। आभार प्रदर्शन विनोद मिश्रा मामा ने किया। दबंग-12

## समस्याओं को लेकर कांग्रेस की बैठक हुई

रतलाम ● जिला शहर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया की अध्यक्षता में गांधी उद्यान में संपन्न हुई । इस बैठक में नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर ,सीवरेज लाइन से हो रही परेशानी, जल प्रदाय वितरण में अव्यवस्था, लचर सफाई व्यवस्था, राशन कार्ड ,लीज वृद्धि संबंधी कई मुद्दों को लेकर नगर निगम प्रशासन के विरुद्ध एक आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में प्रथम ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन ,फिर पूरे शहर में एक जंगी प्रदर्शन कर नगर निगम का घेराव करने का निर्णय लिया गया। स्वदेश-13

# सायर चबुतरा के पास 12 मार्च को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

## नागरिकों ने 51,71,144/- संपत्तिकर व 11,59,215/- जलकर जमा

रतलाम । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली षिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित षिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस षुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू-भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेगें।

निगम द्वारा आयोजित षिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर षिविर में संपत्तिकर 1.10.000/- व जलकर 6,000/-, मालवा नगर लक्ष्मणपुरा षिविर में संपत्तिकर 1,40,000/- व जलकर 55,775/-, अम्बे माता जवाहर नगर ष्विर में संपत्तिकर 2,38,000/- व जलकर 49,[illegible]/-, विनोबा नगर षिविर में संपत्तिकर 1,29,000/- व जलकर 43,670/-, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल षिविर में संपत्तिकर 1,22000/- व जलकर 29,280/-, तिरूपति षिविर में संपत्तिकर 77,000/- व जलकर 19,850/-, कोमल नगर षिविर में संपत्तिकर 1,27,000/- व जलकर 48,220/-, मार्निंग स्टार स्कूल षिविर में संपत्तिकर 1,12,000/- व जलकर 14,000/-, कस्तुरबा नगर षिविर में संपत्तिकर 5,47,000/- व जलकर 86,540/-, प्रियदर्षनी नगर षिविर में संपत्तिकर 1,02,000/- व जलकर 3,76,905/-, डोंगरे नगर षिविर में संपत्तिकर 1,82,500/- व जलकर 76,470/-, हाट रोड षिविर में संपत्तिकर 68,000/- व जलकर 47,595/-, कलीमी कालोनी षिविर में संपत्तिकर 1,17,000/- व जलकर 22,680/-, राजेन्द्र नगर षिविर में संपत्तिकर 1,01,644/- व जलकर 55,320/-, काटजू नगर षिविर में संपत्तिकर 2,76,000/- व जलकर 59,500/-, वेदव्यास कालोनी षिविर में संपत्तिकर 26,62,144/- व जलकर 6,71,025/-, कल्याण नगर षिविर में संपत्तिकर 71,000/- व जलकर 19,000/-, दीनदयाल नगर षिविर में संपत्तिकर 2,47,000/- व जलकर 64,780/-, बोहरा बाखल षिविर में संपत्तिकर 4,92,000/- व जलकर 66,715/-, रामगढ़ षिविर में संपत्तिकर 1,60,000/- व जलकर 34,340/-, लक्कड़पीठा प्याऊ के पास षिविर में संपत्तिकर 2,30,000/- व जलकर 44,230/-, धानमण्डी षिविर में संपत्तिकर 2,07,000/- व जलकर 33,940/-, जूनि कोर्ट किरण टॉकिज षिविर में संपत्तिकर 1,84,000/- व जलकर 56,350/-,आनन्द कालोनी. षिविर मे संपत्तिकर 86,000/- व जलकर 35,140/-, प्रताप नगर षिविर में संपत्तिकर 1,16,000 व जलकर 57,670/-, महावीर नगर षिविर में संपत्तिकर 69,000/- व जलकर 21,185/-, पैलेस रोड षिविर में संपत्तिकर 3,50,000/- व जलकर 66,865/-, चौगानिया भेरू मंदिर के पास षिविर में संपत्तिकर 1,15,000/- व जलकर 25,865/- की राषि जमा कराई। इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित षिविरों में 51,71,144/- संपत्तिकर व 11,59,215/- जलकर की राषि जमा कराई। वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली षिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24, 25 व 42 के लिये 12 व 15 मार्च को षिक्षा विभाग सायर चबुतरा, वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 16 व 17 मार्च तक चौमुखीपुल प्याऊ के पास, वार्ड क्रमांक 41 के लिये 18 से 19 मार्च तक बजाजखाना गणेष देवरी, वार्ड क्रमांक 33, 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को षास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पास, वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहा, वार्ड क्रमांक 30, 31, 32 व 34 के लिये 25 से 26 मार्च तक स्टेषन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में षिविर आयोजित किये गये है। तेज 12

# सायर चबूतरा के पास 12 मार्च को लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। आयोजित शिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरण, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त शिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित गए गए है इन आयोजित शिविरों में बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– नईदुनिया –पृष्ठ 03 दिनांक 13/03/2021

# अवैध कॉलोनियां वैध करेंगे नई नहीं बनने देंगे : सीएम

## मिशन नगरोदय ● शिवराज ने बताया नगरीय विकास का रोडमैप

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगरीय विकास का रोडमैप बताते हुए कहा कि प्रदेश में अवैध कॉलोनियों को सरकार वैध करेगी। इसकी वजह है इनमें गरीबों और आम लोगों का पैसा लग चुका है। उन्हें परेशान नहीं होने देंगे, लेकिन भविष्य में कोई अवैध कॉलोनी बनने भी नहीं देंगे। इसके लिए कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त की जिम्मेदारी तय करेंगे। अब कोई भी अवैध कॉलोनी बनी तो इन्हीं दोनों अधिकारियों को जिम्मेदार मानकर कार्रवाई की जाएगी।


मुख्यमंत्री शुक्रवार को भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मिशन नगरोदय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्य कार्यक्रम भोपाल में हुआ और 407 नगरीय निकाय ऑनलाइन जुड़े। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए 3300 करोड़ रुपये हितग्राहियों के खातों में हस्तांतरित किए। उन्होंने कहा हमारे रोडमैप में शहरों को सुंदर बनाना और जनजीवन की गुणवत्ता बेहतर करना शामिल है। इसके लिए पांच वर्ष में 70 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शहरों में अच्छी सड़कें, 24 घंटे बिजली, ड्रेनेज-सीवेज सिस्टम ठीक करना और नल कनेक्शन हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना का दूसरा चरण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। अगले चार वर्ष में प्रदेश में कोई गरीब मकान विहीन नहीं रहेगा। सबके पास अपनी पक्की छत होगी। इसके लिए पट्टा वितरण, मकान या बहुमंजिला इमारतों में रहने का इंतजाम राज्य सरकार करेगी। प्रदेश में सिटी बसों के माध्यम से परिवहन व्यवस्था को और सुगम बनाया जाएगा। शहरों में पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी।

### दी चेतावनी

अगर नई कॉलोनियां बनी तो कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त होंगे जिम्मेदार

### संबोधन में अपील की

- जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए हितग्राहियों के खातों में 3300 करोड़ रुपये हस्तांतरित
- मास्क नहीं लगाने वालों को चेताया, कहा- जिन्हें टीका लग गया है, वे भी लगाएं मास्क



अमृत महोत्सव के शुभारंभ के मौके पर बूंदा-बांदी के बीच भाषण देते मुख्यमंत्री सौजन्य : जनसंपर्क

### भीगते हुए दिया भाषण

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शुक्रवार को शौर्य स्मारक पर आजादी के अमृत महोत्सव के शुभारंभ पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जब शिवराज सिंह भाषण दे रहे थे तो अचानक रिमझिम बारिश होने लगी। शिवराज मंच पर थे और वहां शेड लगा था। वे भीग नहीं रहे थे, लेकिन खुले आसमान के नीचे बड़ी संख्या में बैठे बच्चे भीगने के डर से इधर-उधर न हो जाए, इसलिए वे खुद मंच से उतरकर खुले में आ गए और वहीं से भाषण देने लगे।

### नहीं चलेगी माफिया की दादागीरी

मुख्यमंत्री ने माफिया को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा प्रदेश की धरती पर माफिया की दादागीरी नहीं चलने देंगे। इंदौर में हुई कार्रवाई को उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत करते हुए कहा जिन लोगों ने जीवनभर की पूंजी लगाकर प्लाट लिया था, उसे दूसरों को बेच दिया गया। मांगने गए तो गुंडे डरा रहे थे। अब हम भूमाफिया को मिट्टी में मिला रहे हैं। जनता का हक छीनने वालों को जेल भेज रहे हैं। कानून तोड़ने वालों को छोड़ना नहीं है। यहां कानून का राज चलेगा।

### मास्क लगाएं, सुरक्षित शारीरिक दूरी रखें

संबोधन की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने कहा मुझे बोलना है, इसलिए मास्क नीचे कर रहा हूं। मास्क गले में लटकाने या दाढ़ी से नीचे रखने के लिए नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैक्सीन (टीका) का इंतजाम तो कर दिया है, लेकिन अभी भी मास्क लगाना और सुरक्षित शारीरिक दूरी रखना जरूरी है। जिनको टीका लग गया है, वे भी मास्क लगाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री को विश्वस्तरीय नेता बताते हुए कहा मोदी जी पाकिस्तान को भी वैक्सीन मिले, इसकी भी चिंता कर रहे हैं।

नईदुनिया 13

# रतलाम में कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी थी, मनासा में भी आरोप लगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सीएमओ नीता जैन का विवादों से नाता रहा है। रतलाम नगर निगम में सहायक आयुक्त रहने के दौरान संपत्ति नामांतरण की फाइलों के निराकरण को लेकर अवैध मांग करने के आरोप लगे थे। लंबित मामलों के कारण संपत्तिकरण विभाग के मुख्य लिपिक अनिल खरे को निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 29 अक्टूबर 2020 को निलंबित किए जाने पर निगम कर्मचारियों ने हड़ताल कर नीता जैन पर हर नामांतरण फाइल पर रुपये मांगने का आरोप लगाया था। इसके बाद आयुक्त ने नीता जैन सहित संपत्तिकर शाखा के सभी कर्मचारियों को हटा दिया था।

मनासा में सीएमओ रहने के दौरान भी नीता जैन फर्जी मस्टरों से भुगतान में भ्रष्टाचार की शिकायत हुई थी। शिकायत होने पर इसकी जांच कराई गई थी।

### लोकायुक्त के पास पुख्ता सबूत

निरीक्षक बसंत श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि सीएमओ नीता जैन मुख्य व बाबू विजयसिंह सिसौदिया सह आरोपित हैं। दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। लोकायुक्त के पास दोनों के खिलाफ पुख्ता सबूत है। बातचीत की रिकार्डिंग है, जिसका सत्यापन भी कराया गया है। सीएमओ नीता जैन तीन प्रतिशत के हिसाब से रिश्वत की राशि मांग रही थी, जो 26 हजार रुपये होती है। राशि लेने व बात करने के लिए उन्होंने बाबू विजयसिंह को अधिकृत किया था। पवन भावसार ने मित्र के नाम से निर्माण कार्य का ठेका लिया था।

### साजिश की गई

सीएमओ नीता जैन ने मीडिया को बताया कि उनके पास से न तो राशि बरामद हुई है न किसी से बात हुई है। विजयसिंह मेरा ही बाबू है। शिकायतकर्ता व बाबू की आपस की बात है। बाबू के पास से ही रुपये बरामद हुए हैं। विजयसिंह सिसौदिया ने कहा कि रिश्वत नहीं मांगी थी, मैं गेट तक आया था। मुझे नहीं मालूम लिफाफे में क्या है। लिफाफा कम्प्यूटर आपरेटर को दिया था।

### मैडम के हाथ जोड़े

पहले भी तीन बार आया। मैडम के हाथ जोड़े, उन्होंने रिश्वत की बात की। करीब 13 लाख रुपये के बिल में एफडी व करीब 60 हजार रुपये का भुगतान बाकी है। कब्रिस्तान, मालीपुरा व रतलामी गेट की नाली निर्माण और गुलशन टाकिज क्षेत्र में सीसी निर्माण का काम था। मैडम के हस्ताक्षर से ही एफडी रिलीज होना थी। बीस हजार रुपये मैडम ने मांगे थे और बाबू से मिलने को कहा था। 15 हजार रुपये लेकर आया था। मैडम ने बाबू से कहा कि पांच हजार रुपये और लेकर आओ। मेरी जेब में साढ़े तीन हजार रुपये थे, वे भी दे दिए।

### अंदर कार्रवाई, बाहर चल रहा था नगरोदय कार्यक्रम

नगर पालिका परिषद में शुक्रवार दोपहर एक बजे मिशन नगरोदय कार्यक्रम नगर पालिका कार्यालय के बाहरी मैदान में रखा गया था।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के आनलाइन कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पवन सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, भाजपा नेता अभय कोठारी, महेश सोनी, उपयंत्री दिपर परदेशी, उत्तमकुमार नरे, महेशचंद सोनी, सहायक यंत्री एएस खान सहित करीब तीन सौ नागरिक उपस्थित थे। वहीं नगर निगम कार्यालय के अंदर रिश्वत की मांग पर लोकायुक्त के दल ने कार्रवाई शुरू की। अंदर काफी देर तक लोकायुक्त का दल कागजी कार्रवाई व आरोपित के हाथ धुलाने की कार्रवाई करता रहा।

नईदुनिया 13-3-21

## व्हील चेयर उपलब्ध कराने की मांग

रतलाम। वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला शाखा द्वारा डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कोरोना टीकाकरण केंद्रों पर व्हीलचेयर उपलब्ध कराने, दिव्यांगों को वाहन सुविधा उपलब्ध कराने, पंजीयन के लिए वाट्सएप नंबर जारी करने, वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य कार्ड बनाने की मांग की गई। महामंत्री मांगीलाल पंडित, अध्यक्ष किशोर कुमार मंडोरा, कोषाध्यक्ष अंबाराम सौराष्ट्रीय, उपाध्यक्ष खुशालसिंह शक्तावत आदि उपस्थित रहे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनीया––पृष्ठ 01......दिनांक 13/03/......2021

# 10 करोड़ से ज्यादा के निर्माण कार्यों का शिलान्यास–लोकार्पण



हितग्राही को लाभान्वित करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड आदि। ● नईदुनिया

13-3-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत पर मिशन नगरोदय के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने शुक्रवार को वर्चुअल रुप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा रतलाम जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपये लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपये लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

केंद्र द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की देशव्यापी शुरुआत 12 मार्च 2021 से की गई। इस परिप्रेक्ष्य में जिले में भी नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित हुए। रतलाम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, अशोक पोरवाल, अनीता कटारिया, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, हितग्राही उपस्थित थे। जिले में 294 लाख रुपये के लाभ 316 हितग्राहियों को प्रदान किए गए। जिले के सभी नगरीय निकायों में डेढ़ सौ करोड़ रुपये के प्रस्तावित विकास कार्यों के पांच वर्षीय रोडमैप का विमोचन भी किया गया। शासकीय कला व विज्ञान महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साबरमती आश्रम से दिए गए संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राज्य एनएसएस अधिकारी डा. आरके विजय तथा विशेष अतिथि कुल सचिव महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन डा. प्रशांत पुराणिक थे। अध्यक्षता प्राचार्य डा. संजय वाते ने की।

**मुख्यमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत की**

# 834 लाख से ज्यादा के निर्माण कार्य का शिलान्यास, 221 लाख के काम का लोकार्पण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com
13-3-21




रतलाम. आजादी के अमृत महोत्सव अभियान की शुरुआत पर शुक्रवार को मिशन नगरोदय के तहत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्चुअल रूप से राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा जिले के नगरीय निकायों में 843 लाख 58 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास तथा 221 लाख रुपए लागत के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोहपूर्वक मनाने के लिए अमृत महोत्सव की देशव्यापी शुरुआत की गई। जिले में भी नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित हुए। रतलाम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, भाजपा महामंत्री मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल, अनीता कटारिया, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी हितग्राही उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित उद्बोधन का सीधा प्रसारण जिले में देखा व सुना गया। मिशन नगरोदय के तहत जिले में 294 लाख रुपए के लाभ 316 हितग्राहियों को प्रदान किए गए। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में कन्या पूजन किया गया। सभी नगरीय निकायों में डेढ़ सौ करोड़ रुपए के प्रस्तावित विकास कार्यों के 5 वर्षीय रोडमैप का विमोचन भी किया गया। जिले की सैलाना नगर परिषद में 221 लाख 7 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इसके साथ वर्चुअल शिलान्यास के तहत जावरा नगर पालिका में 151 लाख 77 हजार रुपए, पिपलोदा नगर परिषद, आलोट नगर परिषद, ताल नगर परिषद, बड़ावदा नगर परिषद, नामली नगर परिषद में 75-75 लाख रुपए, नगर परिषद धामनोद में 75 लाख 95 हजार तथा सैलाना नगर परिषद 240 लाख 86 हजार रुपए लागत के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। नगर निगम द्वारा 7 हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपए के बगैर ब्याज के ऋण वितरण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत किए गए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 4 स्वयं सहायता समूह को ऋण लाभ प्रदान किया गया। इसके अलावा जावरा में 166, पिपलोदा में 103, आलोट में 22, धामनोद में 19, सैलाना में 6 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया।